# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
## इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून ।

Email id: nodalofficerddn@gmail.com Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक– 2250 / FP/UK/ROAD/38453/2019 :देहरादूनः 27 फरवरी, 2021.

सेवा में,

सचिव (प्रभारी),
वन अनुभाग–3,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः– जनपद–अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मासी–गैरखेत से परथोला (लिंक रूट) मोटर मार्ग के निर्माण हेतु हेतु 0.837 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु वन भूमि का ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन। (ऑन–लाईन प्रस्ताव संख्याः FP/UK/ROAD/38453/2019)

सन्दर्भः– वन अनुभाग–3, उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या 1370/X-4-19/1(165)/2019 दिनांक 29–01–2020.

महोदय,

कृपया शासन के उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिससे शासन द्वारा विषयांकित प्रकरण में वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत कतिपय शर्तों के तहत सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा के द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति की अनुपालन आख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है, जो निम्न प्रकार संलग्न कर प्रेषित की जा रही हैः–

1. शर्त संख्या–1 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित स्थल के आस–पास रिक्त पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण एवं उसके 10 वर्षों तक रख–रखाव हेतु धनराशि रू0 2,26,270.00 (दो लाख छब्बीस हजार दो सत्तर) तदर्थ कैम्पा कोष में जमा की जा चुकी है।
2. शर्त संख्या–2 के अनुपालन में अवगत कराना है कि एन0पी0वी0 की धनराशि रू0 5,49,909.00 (पाँच लाख उन्चास हजार नौ सौ नौ) तदर्थ कैम्पा कोष में जमा की जा चुकी है।
3. शर्त संख्या–3 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रेषित एन0पी0वी0 की दरों में बढ़ोत्तरी होने के फलस्वरूप देय होने वाली धनराशि वन विभाग के पक्ष में जमा किये जाने की बचनबद्धता का प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। **(संलग्नक–1)**
4. शर्त संख्या–4 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा ऑनलाईन चालान जनरेट कर जमा की गयी कुल धनराशि रू0 7,76,179.00 (सात लाख छियहत्तर हजार एक सौ उन्नासी रू0) मात्र की on-line paid status की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। **(संलग्नक–2)**
5. शर्त संख्या–5 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा जनपद कार्यबल की संस्तुतियों एवं भूःवैज्ञानिक के सुझावों का कड़ाई से अनुपालन किये जाने का प्रमाण पत्र संलग्न है। **(संलग्नक–3)**
6. शर्त संख्या–6 के अनुपालन में वनाधिकार अधिनियम, 2006 के अभिलेख/प्रमाण–पत्र ऑनलाईन एवं वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव की शासन को प्रेषित मूल प्रति में संलग्न है। जिनकी प्रति पुनः संलग्न कर प्रेंषित की जा रही है। **(संलग्नक–4)**

अतः अनुरोध है कि विषयांकित प्रकरण में विधिवत स्वीकृति/शासनादेश निर्गत करने का कष्ट करें।

**संलग्नः यथोपरि।**

भवदीय,

27/2/21

(डी0जे0के0 शर्मा)
प्रमुख वन संरक्षक
कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,

संख्या :– 2250 / FP/UK/ROAD/38453/2019 तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़।
2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, सल्ट, अल्मोड़ा।

27/2/21

(डी0जे0के0 शर्मा)
प्रमुख वन संरक्षक
कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,